न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (एस.डी.ओ) बाड़मेर

पीठासीन अधिकारी–श्री नीरज मिश्र, आर.ए.एस

दिनांक – 3-3-20

क्रमांक रीडर/2020/ 603

प्रार्थी	बनाम	अप्रार्थीगण
1 ईशराराम पुत्र लाधाराम जाति जाट निवासी वीर तेजाजी नगर (अणदाणियों का तला) दूदाबेरी, तहसील व जिला बाडमेर।		1 राजूराम पुत्र उदाराम 2 मेहराराम पुत्र चुतराराम 3 भींयाराम 4 अर्जुनराम पिसरान बागाराम 5 गोरधनराम पुत्र लाधाराम जाति जाट निवासी तेजाजी नगर (अणदाणियों का तला) दूदाबेरी 6 जेठाराम पुत्र चोलाराम 7 प्रभुराम पुत्र पोकरराम 8 धर्माराम पुत्र गोमाराम 9 रूपाराम 10 रेखाराम पिसरान मोडाराम जाति जाट निवासी गोमाराम नगर (अणदाणियों का तला) दूदाबेरी, तहसील व जिला बाडमेर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128,111 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,करने नेखमबन्दी बाबत

राजस्व आवेदन संख्या :– 273/2019 दिनांक–

आदेश

उपर्युक्त, प्रकरण मौजा वीर तेजाजी नगर पटवार क्षेत्र दूदाबेरी तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 539 रकबा 09.00 बीघा, खसरा संख्या 688/549 रकबा 16.10 बीघा, तथा मौजा गोमाराम नगर पटवार क्षेत्र दूदाबेरी तहसील व जिला बाडमेर के खसरा संख्या 719/572 रकबा 47.06 बीघा भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित करते हुए नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाड़मेर को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। उक्त नेखमबन्दी कार्रवाई करने से पूर्व प्रार्थी व अप्रार्थीगण को नोटिस/पत्र के जरिये सूचित करते हुए एक तिथि निश्चित (वर्षाकाल में खड़ी फंसल पर सीमांकन व पत्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 07.09.1992 के मद्देनजर) कर पक्षकारान की उपस्थिति में नेखमबन्दी की जावे। कमीश्नर शुल्क रूपये 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ रूपये मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थी द्वारा मौके पर अदा किया जावेगा।

(नीरज मिश्र)
उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

क्रमांक :– रीडर/2020/ 604-607 दिनांक– 3.3.20

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. तहसीलदार बाड़मेर पालना प्रस्तुत करते वक्त पत्र पर निर्णय की तिथि अवश्य अंकित करें।
2. पटवारी दूदाबेरी तहसील बाड़मेर को भेजकर लेख है कि निर्धारित तिथि को मय रेकर्ड उपस्थित रहकर नेखमबन्दी की कार्यवाही पूर्ण करावें।
3. ईशराराम पुत्र लाधाराम जाति जाट निवासी वीर तेजाजी नगर (अणदाणियों का तला) दूदाबेरी, तहसील व जिला बाडमेर।
4. विप्रार्थी राजूराम पुत्र उदाराम वगैराह जाति जाट निवासी वीर तेजाजी नगर (अणदाणियों का तला) दूदाबेरी, तहसील व जिला बाडमेर।

उपखण्ड अधिकारी,
बाड़मेर

Scanned with CamScanner

Signature Not Verified
Digitally signed by Neeraj Mishra
Date: 2020.06.24 15:01:11 IST
Reason: SelfAttested